>

Title: Need to ensure adequate availability of fertilizers to farmers in the country -laid.

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) : महोदय, इस वर्ष उत्तर भारत में बारिश बेहतर होने के कारण किसानों ने अच्छी फसल के सपने संजोए थे पर किसानों के सपने साकार होते और किसान अपने खेतों में बुआई कर अच्छी फसल उगाकर लाभ कमा पाते, यह सब जब हो पाता जब सरकार द्वारा पर्याप्त मात्रा में किसानों को उर्वरक उपलब्ध करवा दिया जाता। परंतु केन्द्र व राज्य सरकारों की ढुलमुल नीतियों के कारण किसानों को सही समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो सका और जो खाद मिला भी वह मिलावटी व डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद उपलब्ध करवाई गई। इससे किसानों को डीएपी की एक बोरी के एवज में एनपीके की ढाई बोरी खाद खेतों में डालनी पड़ी है। इससे किसानों को काफी मंहगी कीमत चुकानी पड़ी।

देश के किसानों द्वारा उर्वरकों की मांग को देखते हुए सरकार ने इस दिशा में कोई अच्छा कदम नहीं उठाया है, यह अत्यधिक चिंताजनक है। सरकार को चाहिए कि वह उर्वरक की उपलब्धता हर वर्ष समय रहते सुनिश्चित करें और किसान को खेती में प्रयोग होने वाली बुनियादी खाद जैसी उर्वरकों के संकट से दूर करें।